विक्टोरिया में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध

Hindi | हिन्दी



प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाता है

एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक हमारे पर्यावरण में देखे जाने वाले कूड़े का एक तिहाई हिस्सा होते हैं और इसे साफ करना मुश्किल और महंगा होता है।

इनका उपयोग केवल कुछ मिनटों के लिए किया जाता है और ये बड़ी मात्रा में अपशिष्ट उत्पन्न करते हैं जिसे रीसायकल करना मुश्किल होता है। इससे हमारा पर्यावरण ठीक उसी तरह प्रदूषित होता है जैसे पारंपरिक प्लास्टिक की वस्तुओं से होता है।

कंपोस्टेबल और डिग्रेडेबल प्लास्टिक को अक्सर विशेष प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है। हर प्रकार के प्लास्टिक, कूड़े-कचरे के तौर पर फेंकें जाने पर पर्यावरण के लिए खराब हो सकते हैं।

कुछ एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर अब प्रतिबंध लगा दिया गया है

निम्नलिखित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं को विक्टोरिया में बिक्री या आपूर्ति से प्रतिबंधित कर दिया गया है:

- ✕ **पेय पदार्थ पीने के लिए उपयोगे की जाने वाली स्ट्रा**
- ✕ चाकू, कांटे, चम्मच, चॉपस्टिक, स्पॉर्क्स, स्प्लेड्स, फूड पिक्स और स्पार्क सहित **कटलरी**
- ✕ **प्लेटें**
- ✕ **ड्रिंक स्टिरर**
- ✕ **कॉटन बड स्टिक्स**
- ✕ **विस्तारित पॉलीस्टाइनिन फूड सर्विस वस्तुएँ और ड्रिंक कंटेनर जिनमें** शामिल हैं :
  - प्लेटें
  - कप
  - कटोरे
  - क्लैम शेल्स
  - कवर या ढक्कन।

प्रतिबंधित एकल-उपयोग प्लास्टिक की वस्तु वह होती है जो पूर्ण रूप से या आंशिक तौर पर प्लास्टिक से बनी होती है और दोबारा प्रयोग योग्य नहीं होती है।

यह प्रतिबंध बायोडिग्रेडेबल, डिग्रेडेबल और कंपोस्टेबल प्लास्टिक पर लागू होता है।

दोबारा प्रयोग योग्य वस्तुएँ वे होती हैं जिन्हें कई अवसरों पर एक ही उद्देश्य के लिए उपयोग करने के लिए निर्मित किया जाता है और जो निर्माता से इस वारंटी, या ऐसे अन्य लिखित प्रतिनिधित्व के साथ आती हैं, कि इन्हें कम से कम एक वर्ष तक प्रयोग के लिए डिज़ाइन किया जाता है।

उस स्थिति में किसी के लिए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पेय (ड्रिंकिंग) स्ट्रा को बेचना, आपूर्ति करना, वितरित करना या उपलब्ध कराना एक अपराध नहीं है यदि वे यथोचित रूप से मानते हैं कि अनुरोध करने वाला व्यक्ति, या उनकी ओर से अनुरोध करने वाले किसी व्यक्ति/संस्था को विकलाँगता या चिकित्सा आवश्यकता के कारण इसकी ज़रूरत है।

और अधकि जानकारी के लिए, **पर्यावरण संरक्षण वनियिमों 2021** का भाग 5.5 देखें।

प्रतिबंध के कुछ अपवाद हैं

प्रतिबंध के अपवाद विशिष्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से हैं, या यदि विकल्प उपलब्ध नहीं हैं तो।

एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग करने के लिए 4 अपवाद हैं:

- ✓ वैज्ञानिक, चिकित्सा, फोरेंसिक या कानून प्रवर्तन उद्देश्यों हेतु किए गए **परीक्षणों के लिए कॉट्न बड स्टिक्स**
- ✓ **करेक्शनल और मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रों में** शारीरिक नुकसान या चोट से रोकथाम करने के लिए **कटलरी, जहाँ इसका प्रयोग आवश्यक हो**
- ✓ 1 नवंबर 2024 **तक प्लास्टिक की पर्त लगे कागज या कार्डबोर्ड प्लेटें**
- ✓ 1 जनवरी 2026 **तक कोई भी एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तु जो एक मशीन स्वचालित प्रक्रिया द्वारा फूड या ड्रिंक पैकेजिंग में एकीकृत की गई हो।** उदाहरण के लिए, दही के टब में उपलब्ध कराया गया एक बार उपयोग होने वाला प्लास्टिक का चम्मच।

आप अपने आपूर्तिकर्ता को एक लिखित बयान देना चाह सकते हैं कि आप विनियमों **के अनुरूप वस्तुओं का** उपयोग कर रहे हैं।

आपको क्या करने की आवश्यकता है

प्रतिबंध सभी व्यवसायों और संगठनों पर लागू होता है, जिनमें शामिल हैं:

- **गैर-लाभकारी संगठन**
- **स्पोर्ट्स क्लब**
- **स्कूल**
- **अन्य निगमित संस्थाएँ**
- **रेस्तरां, कैफे और अन्य फूड आउटलेट**
- **किराने की दुकानें।**

ऊपर सूचीबद्ध अपवादों को छोड़कर, निम्नलिखित करना गैर-कानूनी है:

- विक्टोरिया में प्रतिबंधित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं को बेचना, आपूर्ति करना, वितरित करना या उपलब्ध कराना
- प्रतिबंधित वस्तुएँ किस चीज़ से बनी हैं, इस बारे में गलत या भ्रामक जानकारी प्रदान करना।

यदि आपके पास 1 फरवरी, 2023 से पहले खरीदी गई प्रतिबंधित वस्तुओं का बचा हुआ भंडार है, तो आप निम्नलिखित कर सकते/ती हैं:

- यह पता लगाने के लिए अपने आपूर्तिकर्ता से संपर्क करना कि क्या वे अनुपालन करने वाली रिप्लेसमेंट वस्तुओं के लिए अदला-बदली या क्रेडिट देने की पेशकश करते हैं
- यह पता लगाने के लिए एक स्थानीय रीसाइकलर (रीसाइकल सेवा प्रदाता) से संपर्क करना कि क्या वे बड़ी मात्रा में रीसायकल कर सकते हैं।

आप इन वस्तुओं को रीसाइक्लिंग बिन (कूड़ेदान) में नहीं डाल सकते हैं।

हम व्यवसायों के साथ काम कर रहे हैं ताकि उन्हें प्रतिबंध को समझने में मदद मिले। हम पहले से ही विक्टोरिया में 6,500 से अधिक रिटेल और हॉस्पिटेलिटी व्यवसायों से मिल चुके हैं।

हम अनुपालन के प्रति एक प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाते हैं, अपने प्रयासों का ध्यान उस ओर केंद्रित करते हुए जहाँ हम सबसे बड़ा अंतर ला सकते हैं। जब हम अपने नियामक उपकरणों का उपयोग करते हैं, तो हम सुनिश्चित करते हैं कि वे समस्या और वांछित परिणाम पर केंद्रित हैं।

और अधिक जानकारी के लिए, हमारी **अनुपालन और प्रवर्तन नीति** देखें।

यदि आप प्रतिबंध का अनुपालन नहीं करते हैं, तो आपको व्यक्ति-विशेष के लिए $11,095.20 तक या बॉडी कॉर्पोरेट्स के लिए $55,476 तक का जुर्माना लग सकता है।

हर राज्य के प्रतिबंध अलग-अलग होते हैं। विक्टोरियन कानून को समझना और उसका पालन करना आपकी ज़िम्मेदारी है। यदि आप विक्टोरिया के बाहर काम करते/ती हैं, तो प्रत्येक राज्य के कानूनों की जांच करें।